श्री हार्दिक मुकेश सेठ, सरकार द्वारा नामित निदेशक, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया

पता - वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा अधिसूचना ईएफ क्रमांक 6/2/2022-बीओ.I दिनांक 11 अप्रैल 2022 के तहत श्री हार्दिक मुकेश सेठ को अगले आदेश तक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल में सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नामित किया है.

श्री हार्दिक मुकेश सेठ (जन्म: 19 मई 1980) वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार में निदेशक हैं. वे एमबीए (वित्त) और यूएस सीपीए हैं. मंत्रालय में शामिल होने से पहले, उनके पास लगभग 19 वर्षों का बैंकिंग अनुभव है, जिसमें उन्होंने जोखिम प्रबंधन, ऋण प्रबंधन, कॉर्पोरेट क्रेडिट, शाखा संचालन सहित विभिन्न कार्यों में कुछ बहुराष्ट्रीय और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (भारतीय स्टेट बैंक) के साथ काम किया है. उन्हें अपने अधीन बड़े आकार की टीम और विभिन्न शाखाओं को संभालने का अनुभव है. वे अपने साथ बैंकिंग उद्योग का समग्र दृष्टिकोण लेकर आते हैं.